बिहार सरकार

<u>नगर विकास एवं आवास विभाग</u>

प्रेषक,

इंदु कुमारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार पटना |

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार पटना |

विषय:- **दिनांक-27-01-2017 एवं 28-01-2017 को जहानाबाद एवं अरवल जिला का क्षेत्र भ्रमण संबंधी प्रतिवेदन भेजने के संबंध में |**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक-27-01-2017 को जहानाबाद नगर परिषद् एवं मख्दुनपुर नगर पंचायत का क्षेत्र भ्रमण किया | दिनांक-28-01-2017 को अरवल नगर परिषद् का भ्रमण किया | भ्रमण के समय सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनके साथ मैं विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं साफ़ सफाई के सन्दर्भ में औचक निरिक्षण की, क्योंकि दिनांक-28-01-2017 को माननीय मुख्यमंत्री की निश्चय यात्रा सुनिश्चित थी |

विभिन्न योजनाओं की स्थिति निकायवार निम्नवत है:-

<u>(स्वच्छ भारत मिशन):-</u>

<u>**व्यक्तिगत शौचालय**</u> :-

1. **जहानाबाद नगर परिषद्** का मार्च 2017, तक का कुल लक्ष्य 3013 है | जिसके अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण 401 एवं अपूर्ण 1438 है |
2. **मखदुमपुर नगर पंचायत** का मार्च 2017 तक का कुल लक्ष्य 1639 है | जिसके अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण 167 एवं अपूर्ण 145 है |
3. **अरवल नगर परिषद्** का मार्च 2017 तक का कुल लक्ष्य 2094 है | जिसके अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण 555 एवं अपूर्ण 501 है |

<u>डोर टू डोर कचरा उठाव:-</u>

1. **जहानाबाद नगर परिषद्** में कुल वार्डों की संख्या 33 है, जिसमें सभी वार्डों में टेंडर कर प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा उठाव का कार्य किया जा रहा है |
2. **मखदुमपुर नगर पंचायत** में कुल वार्डों की संख्या 19 है, जिसमें सभी वार्डों में टेंडर कर प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा उठाव का कार्य किया जा रहा है |
3. **अरवल नगर परिषद्** में कुल वार्डों की संख्या 25 है, जिसमें 10 वार्डों में टेंडर कर (Anish Construction) द्वारा प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा उठाव का कार्य किया जा रहा है | अरवल बस स्टैंड पुल के पास कचरा संग्रहण किया जा रहा है |

ODF:-

1. **जहानाबाद नगर परिषद्** में कुल वार्डों की संख्या 33 है, जिसमें वार्ड संख्या 12 एवं 17 में ODF कर लिया गया है |
2. **मखदुमपुर नगर पंचायत** में कुल वार्डों की संख्या 19 है, जिसमें वार्ड संख्या 5, 7 एवं 11 में ODF कर लिया गया है |
3. **अरवल नगर परिषद्** में कुल वार्डों की संख्या 25 है, जिसमें वार्ड संख्या 01 में ODF कर लिया गया है |

(सबके लिए आवास योजना):- इस योजना के अंतर्गत सभी नगर निकायों में कार्य प्रगति पर है | नगर निकायों के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आधार कार्ड से संबद्द करते हुए लाभार्थियों का खाता खोली जा रही है तथा इनके साथ एकरारनामा पूर्ण करते हुए कार्यादेश निर्गत किया जा रहा है |

(हर घर नल -जल योजना):- नगर परिषद् जहानाबाद में हर घर नल - जल योजना का कार्यान्वयन AMRUT योजना के तहत BRJP द्वारा किया जा रहा है |

(शहरी गली - नाली पक्कीकरण योजना):- इनका प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है | इसके पश्चात् निविदा की कार्रवाई की जाएगी | कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि शीघ्र प्राक्कलन तैयार कराकर निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि कार्य प्रारम्भ हो सके |

विश्वासभाजन,

30/1/17

(इंदु कुमारी)

विशेष कार्य पदाधिकारी